शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन कम्प्युटर कौशल परीक्षा परिषद
लोक शिक्षण संचालनालय
ब्लॉक–सी, प्रथम तल, इन्द्रावती भवन नवा रायपुर
अटल नगर (छत्तीसगढ़)

नवा रायपुर, दिनांक 24/5/2023

क्र.शी.मु.क.कौ.प.प./ /26/2023/34

प्रति,

आयुक्त,
जन सम्पर्क संचालनालय,
ब्लॉक–ए, भूतल, इन्द्रावती भवन
नवा रायपुर, अटल नगर (छ0ग0)

विषयः–जनहित में परिषद द्वारा आयोजित परीक्षाओं के लिए मूल्यांकनकर्ताओं के पंजीयन की सूचना निःशुल्क प्रकाशित करने बाबत्।

----

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन कम्प्युटर कौशल परीक्षा परिषद रायपुर छ0ग0 द्वारा आयोजित की जाने वाली हिन्दी/अंग्रेजी शीघ्रलेखन एवं हिन्दी/अंग्रेजी मुद्रलेखन की कम्प्युटर में गति की कौशल परीक्षाओं के लिये मूल्यांकनकर्ताओं का पंजीयन किया जाना है।

अतः उक्त समाचार जनहित में प्रदेश के प्रमुख समाचार (दैनिक भास्कर, नवभारत, नईदुनिया, हरिभूमि) 04 समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

उप संचालक
शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन कम्प्युटर कौशल
परीक्षा परिषद
लोक शिक्षण संचालनालय
छत्तीसगढ़

जनहित में समाचार पत्रों में प्रकाशित की जाने वाली सूचना का प्रारूप

—:: सूचना ::—

## मूल्यांकनकर्ता शीघ्रलेखकों का नवीन पंजीयन/नवीनीकरण

शीघ्रलेखन मुद्रलेखन परीक्षा परिषद, लोक शिक्षण संचालनालय, इन्द्रावती भवन अटल नगर रायपुर द्वारा प्रदेश स्तर पर प्रतिवर्ष हिन्दी/अंग्रेजी शीघ्रलेखन एवं हिन्दी/अंग्रेजी मुद्रलेखन की परीक्षाएं मेन्युअल (टाईपराईटर मशीन) तरीके से आयोजित की जाती रही है।

छ0ग0 शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर के पत्र क्र. एफ 9–1/2008/1–3 दिनांक 1 फरवरी 2013 एवं 3 फरवरी 2022 द्वारा प्रदेश स्तर पर सीधी भर्ती के तृतीय श्रेणी वर्ग के पदों की शैक्षणिक योग्यताओं में पुर्ननिर्धारण किये जाने के फलस्वरूप जारी आदेशानुसार अब शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन कम्प्युटर कौशल परीक्षा परिषद, लोक शिक्षण संचालनालय, छ0ग0 रायपुर द्वारा हिन्दी/अंग्रेजी शीघ्रलेखन तथा हिन्दी/अंग्रेजी की कम्प्युटर पर साफ्टवेयर के माध्यम से कौशल (गति 5000, 8000 एवं 10000 की डिप्रेशन प्रतिघंटा के मान से) परीक्षाएं आयोजित की जावेगी।

उपरोक्तानुसार हिन्दी/अंग्रेजी कम्प्युटर शीघ्रलेखन की परीक्षाओं के मूल्यांकन/डिक्टेशन/परीक्षा इत्यादि कार्य हेतु शीघ्रलेखकों का नवीन पंजीयन/नवीननीकरण किया जा रहा है। ऐसे शीघ्रलेखक जो शासकीय सेवा में 10 वर्ष की सवा शीघ्रलेखन के पद पर करने का अनुभव रखते है वे संलग्न निर्धारित आवेदन पत्र की पूर्ति करने के पश्चात् आवेदन पत्र को कार्यालय/संस्था से अग्रेषित कराकर परिषद कार्यालय में दिनांक 15 जून 2023 तक प्रस्तुत कर सकते है इनका पंजीयन 3 वर्ष के लिए होगा।

उपरोक्त कम में शासकीय कोषालय में ''लेखा शीर्ष'' 0202–शिक्षा खेल–कूद कला तथा संस्कृति (1) सामान्य शिक्षा ( 600) सामान्य के अन्तर्गत बैंक चालान अथवा ऑनलाईन चालान रूपये 100/– जमा कराकर चालान की एक प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न किया जाना आवश्यक है। विस्तृत विवरण विभाग की वेबसाईड eduPortal अन्तर्गत शीर्षक'' शीघ्रलेखन मुद्रलेखन परीक्षा परिषद'' में निर्धारित प्रपत्र डाऊनलोड किया जा सकता है।

उप संचालक,
शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन कम्प्युटर
कौशल परीक्षा परिषद
लोक शिक्षण संचालनालय
छत्तीसगढ़